# बच्चों के विवाद ने लिया हिंसक रूप

## दो पक्षों में जमकर पथराव और मारपीट, दो घायल, एक की हालत गंभीर, मुकदमा दर्ज

■ **दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लगाया हमला करने का आरोप**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** कस्बा किठौर के मोहल्ला बड़वालियान में रविवार को बच्चों के बीच हुए मामूली विवाद ने देखते ही देखते हिंसक रूप धारण कर लिया। विवाद इतना बढ़ गया कि दो पक्ष आमने-सामने आ गए और जमकर पथराव, लाठी-डंडों तथा धारदार हथियारों का इस्तेमाल हुआ। घटना में दो लोग घायल हो गए, जिनमें एक युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। दोनों पक्षों की ओर से थाने में नामजद तहरीर दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहल्ला बड़वालियान निवासी आस मोहम्मद पुत्र अब्बास ने किठौर थाने में दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि रविवार दोपहर करीब 12 बजे घर के बाहर बच्चे खेल रहे थे। इसी दौरान बच्चों में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि इसके बाद पड़ोस के ही महबूब, इंतजार, आकिल, शानू, सलीम पुत्रगण बाबू, नूर मोहम्मद पुत्र अख्तर,





समीर पुत्र नूर मोहम्मद तथा शाहरुख पुत्र महबूब लाठी-डंडे, तमंचे और धारदार हथियार लेकर उनके घर में घुस आए और परिवार के लोगों के साथ मारपीट शुरू कर दी। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि हमलावरों ने जमकर पथराव भी किया, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। घटना में जावेद पुत्र इश्तियाक और रिफाकत पुत्र कलवा गंभीर रूप से घायल हो गए। मारपीट के दौरान जावेद के सिर एवं शरीर पर गंभीर चोटें आई और वह मौके पर ही गिर पड़ा। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों घायलों को उपचार के लिए 50 शैय्या सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंची, जहां चिकित्सकों ने जावेद की हालत गंभीर देखते हुए उसे मेरठ मेडिकल कॉलेज रेुर कर दिया। पीड़ित पक्ष का यह भी आरोप है कि नामजद आरोपियों में कुछ लोग हिस्ट्रीशीटर एवं गैंगस्टर प्रवृत्ति के हैं, जिससे उनके परिवार को जान-माल का खतरा बना हुआ है। वहीं, मामले में दूसरा पक्ष भी सामने आया है। अफसरी पत्नी नूर मोहम्मद निवासी मोहल्ला बड़वालियान ने भी किठौर थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उनके 26 वर्षीय पुत्र शेर मोहम्मद पर पड़ोस के ही शाद पुत्र जफरयाब, शुऐब पुत्र जरयाब तथा रियाजुल ने लाठी-डंडों और किरपान से हमला किया। अफसरी का आरोप है कि उनके पुत्र को गंभीर चोटें पहुंचाई गईं। घटना से जुड़ा एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में कुछ युवक लाठी-डंडे और किरपान लहराते हुए दिखाई दे रहे हैं, जबकि कई लोग एक-दूसरे पर पथराव करते नजर आ रहे हैं। हालांकि वीडियो की सत्यता और उसमें दिखाई दे रहे व्यक्तियों की भूमिका की पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगी। घटना के बाद मोहल्ले में तनाव का माहौल बन गया, हालांकि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित कर लिया। पुलिस दोनों पक्षों की तहरीरों, वायरल वीडियो और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मामले की जांच कर रही है। इस संबंध में किठौर थाना प्रभारी निरीक्षक सुबोध कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों से तहरीर प्राप्त हुई है। घायलों को उपचार के लिए भेज दिया गया है। वही एक पक्ष आस मोहम्मद उर्फ आशु पुत्र अब्बास की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है। वही मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# गैंगस्टर एक्ट में वांछित दो आरोपी गिरफ्तार, पेट्रोल पंप लूट में थे शामिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** जानी थाना पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में एक साल से फरार चल रहे दो वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक गौरव बिश्नोई ने बताया कि आरोपियों ने एक साल पहले भोला रोड स्थित सरदार फिलिंग स्टेशन पर लूट की थी। इस मामले में दो आरोपी पहले ही जेल भेजे जा चुके थे। लूट में शामिल अर्जुन उर्फ जगा पुत्र वीरेंद्र और आर्यन गौतम पुत्र तिलक चंद पर गैंगस्टर एक्ट लगाया गया था। जेल से आने के बाद दोनों फरार थे। दोनों पर आधा दर्जन से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं। उपनिरीक्षक कृष्ण कुमार, सुजीत कुमार और शैलेंद्र सिंह की टीम ने मुखबिर की सूचना पर दोनों को दबोचा। आरोपी रोहटा रोड, थाना टीपी नगर के रहने वाले हैं। पुलिस ने दोनों का चालान कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी ने कहा कि अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है।



# मन की बात सुनने के लिए जुटे व्यापारी और भाजपा कार्यकर्ता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सरधना रोड स्थित पायल फर्नीचर पर रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 134वें संस्करण का सामूहिक श्रवण किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने देश के खिलाड़ियों की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए उनके द्वारा बनाए गए नए रिकॉर्ड और देश का गौरव बढ़ाने पर प्रसन्नता व्यक्त की। साथ ही भीषण गर्मी के मौसम में आम और आम पन्ना के महत्व पर भी चर्चा की। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा नेता नीरज मित्तल के नेतृत्व में मेरठ कैंट विधानसभा क्षेत्र के कंकरखेड़ा मंडल स्थित बूथ संख्या 112 पर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित व्यापारियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के विचारों को प्रेरणादायक बताते हुए उत्साहपूर्वक कार्यक्रम सुना। इस अवसर पर भाजपा के निवर्तमान महानगर उपाध्यक्ष संजय त्रिपाठी, गणेश अग्रवाल, मनोज मित्तल, आशुतोष शर्मा, अमित जैसवाल, मनमोहन हरदोई, अमित शर्मा, किशन मोहन, जतिन ठाकुर, संजीव कुमार, राजेश शाह, शुभम त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में व्यापारी एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

# कांग्रेस महानगर कमेटी ने मनाई लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जयंती

■ **महानगर अध्यक्ष रंजन शर्मा के नेतृत्व में लिया आदर्शों पर चलने का संकल्प**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** महानगर कांग्रेस कमेटी मेरठ द्वारा शनिवार को बुढ़ाना गेट स्थित कांग्रेस कार्यालय पर लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष रंजन शर्मा ने की। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ लो. कमाता अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि के साथ हुआ। उपस्थित सभी कांग्रेसजनों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इसके बाद उनके जीवन दर्शन और जनकल्याण के कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष रंजन शर्मा ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर केवल एक कुशल शासक ही नहीं थीं, बल्कि



महिला सशक्तिकरण, सामाजिक न्याय और धार्मिक सहिष्णुता की जीवंत प्रतीक थीं। उन्होंने अपने शासनकाल में प्रजा के हित को सर्वोपरि रखा और कभी भी राजसी सुख को जनता की सेवा से ऊपर नहीं माना। रंजन शर्मा ने कहा कि आज के दौर में जब समाज में भेदभाव और असमानता बढ़ रही है, तब अहिल्याबाई होल्कर के आदर्श और भी प्रासंगिक हो जाते हैं।

रंजन शर्मा के नेतृत्व की कार्यकर्ताओं ने विशेष सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि महानगर अध्यक्ष के रूप में रंजन शर्मा लगातार संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत कर रहे हैं। उनके ऊर्जावान नेतृत्व में मेरठ कांग्रेस लगातार सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रम कर रही है। चाहे महापुरुषों की जयंती हो या जनसमस्याओं को लेकर संघर्ष, रंजन शर्मा हमेशा कार्यकर्ताओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहते हैं। उनकी कार्यशैली से युवाओं में नई ऊर्जा का संचार हो रहा है और संगठन में एकजुटता बढ़ी है।

रंजन शर्मा ने आगे कहा कि लोकमाता ने काशी, गया, सोमनाथ, अयोध्या जैसे तीर्थस्थलों पर घाट, मंदिर और धर्मशालाएं बनवाकर पूरे देश को एकता के सूत्र में पिरोया। उन्होंने विधवाओं के अधिकार, किसानों की भलाई और गरीबों के उत्थान के लिए ऐतिहासिक काम किए। उनका शासन सुशासन का अनुपम उदाहरण है, जहां न्याय, करुणा और सेवा तीनों का समन्वय था। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि कांग्रेस का हर सिपाही अहिल्याबाई होल्कर के बताए रास्ते पर चलकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने का काम करे। रंजन शर्मा ने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा हमेशा से त्याग, सेवा और समर्पण की रही है और हमें उसी परंपरा को आगे बढ़ाना है। कार्यक्रम के अंत में सभी कांग्रेसजनों ने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के आदर्शों को घर-घर तक पहुंचाने और उनके सिद्धांतों पर चलने का सामूहिक संकल्प लिया। इस अवसर पर सेवादल अध्यक्ष विनोद सोनकर, सोशल मीडिया प्रदेश सचिव रमाकांत शर्मा, तेजपाल डाबका, सचिन शर्मा, पीयूष रस्तोगी, संदीप हांडा, निसार अब्बासी, राकेश शर्मा, आशीष जाटव, नरेश नेगी, राजकुमार शर्मा, राजू यादव समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन और धन्यवाद ज्ञापन कांग्रेस प्रवक्ता हरिकिशन वर्मा ने किया।

# मातृ दिवस पर प्रगति लिटिल जीनियस प्ले स्कूल में कार्यक्रम, माताएं हुई सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** नेहरू नगर स्थित प्रगति लिटिल जीनियस प्ले स्कूल एवं उसकी शाखा एन.एस. पब्लिक स्कूल, चमन कॉलोनी में रविवार को मातृ दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य नीरज वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर बच्चों ने 'मुझे माफ करना ओम साईं राम' और 'तू कितनी अच्छी है, माँ' जैसे गीतों पर भावपूर्ण प्रस्तुतियां दीं।

माताओं ने गिद्दा सहित कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। मनोरंजक खेलों और स्वादिष्ट व्यंजनों ने आयोजन को यादगार बना दिया। प्रधानाचार्य नीरज वर्मा ने कहा कि मां त्याग, ममता और समर्पण की प्रतिमूर्ति है। बच्चे के जीवन की पहली गुरु मां ही होती है। उन्होंने कहा कि मातृ दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि मां के प्रति कृतज्ञता जताने का अवसर है। विद्यालय का उद्देश्य बच्चों में माताओं के प्रति आदर और पारिवारिक मूल्य विकसित करना है। ऐसे आयोजन परिवार और विद्यालय के बीच समन्वय बढ़ाते हैं। कार्यक्रम में मैनेजिंग डायरेक्टर अनुश्री वर्मा तथा अध्यापिकाओं दिव्या, नेहा, नंदिनी, दीपिका, शबाना का विशेष सहयोग रहा। अंत में सभी माताओं को शुभकामनाएं दी गईं।

# बृज विहार एमआईजी आरडब्ल्यूए चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न, उमेद सिंह ठाकुर बने अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ/गाजियाबाद।** एमआईजी, बृज विहार रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के चुनाव रविवार को शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न हो गए। सोसाइटी के साम. ुदायिक भवन में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक हुए मतदान में निवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतगणना के बाद चुनाव परिणाम घोषित किए गए। अध्यक्ष पद पर उम्मेद सिंह ठाकुर ने जीत दर्ज की। महासचिव पद के लिए अमित बाजपेयी तथा कोषाध्यक्ष पद पर मनीष शर्मा निर्वाचित हुए। परिणाम घोषित होते ही समर्थकों ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया। नव निर्वाचित टीम ने सभी मतदाताओं और निवासियों का आभार जताया। अध्यक्ष उमेद सिंह ठाकुर ने कहा कि टीम का मुख्य फोकस क्षेत्र का समग्र विकास, वित्तीय पारदर्शिता और सुशासन रहेगा। महासचिव अमित बाजपेयी ने आश्वासन दिया कि सभी निर्णय निवासियों की सहमति से लिए जाएंगे और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। चुनाव को

■ **महासचिव बने अमित बाजपेई, मनीष शर्मा को चुना गया कोषाध्यक्ष**

सफल बनाने में निर्वाचन कार्यकारिणी की अहम भूमिका रही। चुनाव अधिकारियों राम मूर्ति शर्मा, उमेश चंद्र सक्सेना एवं संदीप भटनागर ने पूरी प्रक्रिया की निगरानी की। उनके निष्पक्ष संचालन और समर्पित प्रयासों की सभी निवासियों ने सराहना की। इसके अलावा चुनाव व्यवस्थाओं और समन्वय में मनोज शर्मा के विशेष योगदान के लिए टीम ने धन्यवाद दिया। निवर्तमान कार्यकारिणी ने भी नई टीम को शुभकामनाएं दीं और हर संभव सहयोग का वादा किया। सोसाइटी के वरिष्ठ नागरिकों ने उम्मीद जताई कि नई कार्यकारिणी सुरक्षा, सफाई, पार्क रखरखाव और पानी जैसी मूलभूत समस्याओं का जल्द समाधान करेगी। नव निर्वाचित आरडब्ल्यूए टीम ने कहा कि निवासियों का विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है और वे सबको साथ लेकर कॉलोनी को आदर्श बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। चुनाव के बाद सोसाइटी परिसर में मिठाई बांटकर खुशी मनाई गई।





# बैठक में किसानों की समस्याओं पर चर्चा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा की बैठक में किसानों की समस्याओं पर चर्चा हुई। मवाना थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत खेड़ी मनिहार में भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन युवा प्रदेश मंत्री आकाश चौधरी के आवास पर किया गया बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश मंत्री जयदीप सिंह उपस्थित रहे। बैठक के दौरान पूर्व ग्राम प्रधान वेदपाल व अन्य किसानो ने मुख्य अतिथि जयदीप सिंह का फूलमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया इसके पश्चात किसानों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं एवं उनके समाधान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई प्रदेश मंत्री जयदीप सिंह ने किसानों की समस्याओं को संगठन स्तर पर मजबूती से उठाने का आश्वा. सन दिया। इस अवसर पर संगठन का विस्तार करते हुए प्रधान सुधीर कुमार को मेरठ जिला मंत्री नियुक्त किया गया वहीं अजीत एवं गुड्डू को ग्राम सदस्य तथा अमित कुमार को ग्राम युवा उपाध्यक्ष खेड़ी मनिहार की जिम्मेदारी सौंपी गई बैठक में रविंद्र सिंह अनुज सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं किसान मौजूद रहे सभी पदाधिकारी ने संगठन को मजबूत बनाने तथा किसानों के हितों की रक्षा के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# ग्राम भराला में सुनी गई 'मन की बात', मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान ने ली बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** दौराला मंडल के शक्ति केंद्र भराला में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यक्रम 'मन की बात' सुना गया। मन की बात प्रमुख जगपाल सिंह के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में दौराला भाजपा मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला ने बूथ क्रमांक 271 पर कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री के विचार सुने। इस दौरान उन्होंने बूथ कमेटी और पन्ना प्रमुखों के साथ बैठक की। मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान ने पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं से अभी से जुट जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हर बूथ पर संगठन को मजबूत करना प्राथमिकता है। कार्यक्रम में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष हरेंद्र जाटव, शक्ति केंद्र संयोजक डॉक्टर धनेश, संदीप विहान, वेदप्रिय शर्मा, सुभाष शर्मा, प्रताप चौधरी, संजीत सिंह, आयुष विहान, बिट्टू सिवाच, अजय विहान, निखिल सिवाच, शुभम शर्मा आदि मौजूद रहे।

## दुस्साहसः थाने के सामने शनि देव मंदिर का दान-पात्रा खंगाल ले गए चोर, जांच में जुटी पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** कस्बे में चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि अब उन्हें पुलिस का भी खौफ नहीं रहा। शुक्रवार को दिन दहाड़े अज्ञात चोरों ने थाने के ठीक सामने स्थित शनि देव मंदिर को अपना निशाना बनाकर चोरी की घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। चोरों ने मंदिर के दान-पात्र का ढक्कन खोलकर उसमें रखी हजारों रुपये की नकदी और अन्य सामान साफ कर दिया। घटना की जानकारी तब हुई जब मंदिर के पुजारी महाराज अर्जुन कुमार किसी कार्य से बाहर जाने के बाद शाम को वापस लौटे। उन्होंने देखा कि दान-पात्र का ढक्कन खुला हुआ था और उसमें रखी करीब सात हजार रुपये से अधिक की नकदी गायब थी। पीड़ित पुजारी ने तुरंत फलावदा थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

# मेरठ में 27 केंद्रों पर सहायक आचार्य परीक्षा सम्पन्न

■ **कड़ी सुरक्षा के बीच एक पाली में होगा आयोजन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा सहायक आचार्य के पदों पर भर्ती के लिए रविवार को मेरठ में परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक एक पाली में हुई।

जिले के 27 परीक्षा केंद्रों पर यह परीक्षा आयोजित की गई है। प्रशासन ने नकलविहीन और शांतिपूर्ण परीक्षा कराने के लिए पुख्ता इंतजाम किए। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखी गई केंद्रों के बाहर पुलिस बल तैनात किया गया है।

परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने से 30 मिनट पहले केंद्र में प्रवेश दिया गया। अभ्यर्थियों की बायोमेट्रिक हाजिरी और तलाशी के बाद ही प्रवेश दिया जा रहा है। मोबा. इल, ब्लूटूथ डिवाइस और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पूरी तरह प्रति. बंधित हैं। जिला प्रशासन के अधिका. रियों ने सुबह से ही केंद्रों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा में



गड़बड़ी करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। सहायक आचार्य के पदों के लिए बड़ी संख्या में अभ्यर्थी परीक्षा दे रहे हैं। परीक्षा के बाद उत्तर कुंजी आयोग की वेबसाइट पर जारी की जाएगी।

# दो पक्षों में जमकर चले लाठी डंडे, पांच घायल

## पुरनपुर नवादा गांव में गली में ट्रेक्टर खड़ा करने को लेकर हुआ था विवाद, पुलिस से की कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** पुरनपुर नवादा गांव में गली में ट्रेक्टर खड़ा करने को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी डन्डे चले जिसमे एक पक्ष से प्रधान पति सहित तीन व दूसरे पक्ष से महिला सहित दो घायल हो गये दोनो पक्षों नें एक दूसरे के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

पुनरपुर नवादा निवासी प्रधान पति सोनू नें बताया कि उसकी गली में नरेश पुत्र धर्मवीर ट्रेक्टर खड़ा करता है मना करने पर दबंगाई दिखाता है। रविवार सुबह सोनू नें नरेश से ट्रेक्टर हटाने को कहा तो उसने गाली गलौज शुरू कर दी और दोनों ओर से लाठी डंडे चलने लगी जिसमे एक पक्ष से सोनू, रामबती, और मंगत घायल हो गये जबकि दूसरे पक्ष से नरेश की पत्नी सुनीता और बेटा शिवम घायल हो गये जिसके बाद दोनो पक्ष थानें पहुंचे जहां घायलो को मेडिकल के लिए पिलाना सीएचसी भेजा गया है। वहीं





थाना प्रभारी अतर सिंह नें बताया की दोनों पक्ष की ओर से तहरीर मिली है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## दिल्ली-देहरादून कॉरिडोर पर कट की मांग को लेकर किसानों का धरना जारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गांगनोली गांव में दिल्ली-देहरादून कॉरिडोर पर कट की मांग को लेकर किसानों का धरना लगातार 22 वें दिन भी जारी है। किसानों का कहना है कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं हो जाती, तब तक यह प्रदर्शन जारी रहेगा। आसपास के क्षेत्र से भी किसानों को लगातार समर्थन मिल रहा है।

किसानों के अनुसार, यदि यहां कट मिल जाता है तो आसपास के 25 गांवों के किसानों को सीधा लाभ होगा। इससे व्यापारिक गति. विधियां बढ़ेंगी, लोगों को व्यापार के अवसर मिलेंगे और दिल्ली से दूरी कम होने से युवाओं को बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। उनका मानना है कि इससे क्षेत्र की भरपूर तरक्की होगी। किसानों ने बताया कि दिल्ली-देहरादून कॉरिडोर का निर्माण शुरू होने के बाद से ही वे इस कट की मांग कर रहे हैं। अधिकारियों द्वारा पहले इसका प्रस्ताव समय पर नहीं भेजा गया था, लेकिन अब इसे भेज दिया गया है। हालांकि, यहां एक अस्थायी कट अभी भी संचालित है, जिसे किसानों ने बंद नहीं होने दिया है। अधिकारियों ने किसानों को आश्वासन दिया है कि कट का प्रस्ताव भेज दिया गया है। किसान अपनी मांग पूरी होने तक धरना जारी रखने पर अड़े हैं।

## शोरूम पर पहुंचे केंद्रीय संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश शर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के कोताना रोड़ स्थित शहर के जाने माने प्रमुख समाजस. ेवी रविंद्र भारद्वाज के शोरूम पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जय हिंद मंच नई दिल्ली के केंद्रीय संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश शर्मा का ब्राह्मण समाज के प्रमुख समाजसेवियों ने फूलों की मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया।

जय हिंद मंच की बैठक को संबो. धित करते हुए मुख्य अतिथि सुरेश शर्मा ने कहा कि हम सब लोगों को मिलकर राष्ट्र की प्रति समर्पित होकर देश का तिरंगा हाथों में लेकर देश सेवा करनी चाहिए। देश सेवा से बढ़कर आज दुनिया में कोई सेवा नहीं है। मानव जीवन में हमेशा देश का सम्मान ही सबसे बड़ा सर्वोपरि कहलाता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जय हिंद मंच संगठन राज्यों में 375 जिलों में जय हिंद मंच का संगठन कार्यरत है जिसके 22 लाख लोग इस संगठन से जुड़कर देश सेवा में जुटे हुए हैं। उन्होंने प्रमुख समाजसेवियों गणमान्य नागरिकों से आहवान किया। जय हिंद मंच की सदस्यता लेकर संगठन को और ऊपर ले जाने का सभी लोग कार्य करें। बैठक में वरिष्ठ समाजसेवी अनिल शर्मा निवासी जागौश को जय हिंद मंच राष्ट्रीय कार्यकारिणी और कमेटी का राष्ट्रीय प्रवक्ता घोषित किया। इस मौके पर सभी लोगों ने गृह मंत्रालय की डायरेक्टर बहन चित्रलेखा शर्मा फायर ब्रिगेड के चीफ दो बार राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित धर्मपाल भारद्वाज सीनियर पायलट हवाई जहाज एसोसिएशन अध्यक्ष दिल्ली अनिल शर्मा का भी बैठक में स्वागत किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रख्यात शिक्षा विधि राष्ट्रीय



अधिकार मोर्चा राम जिलाध्यक्ष दिनेश शर्मा महामंडलेश्वर स्वामी आचार्य कृष्ण विश्रुतपाणी ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पंडित विजयपाल शर्मा डा.रमेश वशिष्ठ श्रद्धानंद शर्मा रविंद्र भारद्वाज राधेश्याम शर्मा प्रमुख समाजसेवी पंडित गोपाल शर्मा उत्तम कुमार बाछोड संचालन रमेश वशिष्ठ ने किया। अध्यक्षता पंडित।विजयपाल शर्मा ने की बैठक में शहर के प्रमुख समाजसेवियों ने भाग लिया।

## प्रख्यात शिक्षाविद् दिनेश शर्मा राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा राम के जिलाध्यक्ष मनोनीत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में दिनेश शर्मा का स्वागत करते अतिथि पूर्व प्रशास. निक अधिकारी अलंकार अग्निहोत्री की मुहिम को मिला। अभूतपूर्व जनसमर्थनद्ध बड़ौत क्षेत्र के विशिष्ट गणमान्य नागरिकों ने भव्य कार्यक्रम में किया स्वागत, हर स्तर पर सहयोग का लिया संकल्प।

राष्ट्रवाद, सनातन मूल्यों और शिक्षा क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन के उद्देश्य से गठित राजनीतिक दल (राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा (राम) ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सांगठनिक विस्तार की दिशा में एक बड़ा और अत्यंत प्रभावशाली कदम उठाया है। उत्तर प्रदेश के पूर्व प्रतिष्ठित प्रशास. निक अधिकारी अलंकार अग्निहोत्री, जिन्होंने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के महान आदर्शों से प्रेरित होकर तथा वर्तमान यूजीसी एक्ट की विसंगतियों के प्रति गहरा रोष व्यक्त करते हुए अपने पद से त्यागपत्र देकर इस राष्ट्रव्यापी आंदोलन की शुरुआत की है, ने क्षेत्र के सुप्रसिद्ध शिक्षाविद् एवं समा. जसेवी दिनेश शर्मा को राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा का बागपत जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। इस महत्वपूर्ण घोषणा के उपरांत, बड़ौत-बागपत क्षेत्र के अत्यंत विशिष्ट एवं गणमान्य व्यक्तियों में शुमार वरिष्ठ अधिवक्ता राधेश्याम शर्मा एवं उनके सुपुत्र दीपक शर्मा के उतना रोड़ स्थित नवनिर्मित अत्याधुनिक फार्म हाउस पर एक भव्य और गरिमामयी स्वागत समारोह (जैसा कि संलग्न चित्र में दृष्टव्य है। आयोजन किया गया। इस समारोह में संपूर्ण क्षेत्र के बुद्धिजीवियों, प्रबुद्ध नागरिकों और प्रख्यात समाजसेवियों ने अत्यंत उत्साह के साथ सहभागिता की। उपस्थित जनसमुदाय ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष दिनेश शर्मा का माल्यार्पण कर, पारंपरिक पगड़ी पहनाकर और शॉल ओढ़ाकर भव्य अभिनंदन किया। साथ ही, क्षेत्रवासियों ने उत्तर प्रदेश को एक नई व पारदर्शी राष्ट्रवादी सोच देने के लिए दल के राष्ट्रीय संयोजक अलंकार अग्निहोत्री का हृदय से आभार व्यक्त किया। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष दिनेश शर्मा की पहचान क्षेत्र में एक अत्यंत सादगी पसंद, विनम्र और समर्पित राष्ट्रभक्त के रूप में है। वह वर्तमान में दो प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थाओं के डायरेक्टर के रूप में नई पीढ़ी का भविष्य संवार रहे हैं, साथ ही विश्व हिंदू महासंघ (भारत) के शिक्षक बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ में राष्ट्रीय महामंत्री के महत्वपूर्ण दायित्व का निर्वहन भी कर रहे हैं।उनकी इसी सादगी, प्रशासनिक क्षमता और सनातन संस्कृति के प्रति अटूट निष्ठा को देखते हुए उन्हें यह बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रशासनिक विसंगतियों के खिलाफ शंखनादरू वक्ताओं ने पूर्व प्रशासनिक अधिक. ारी अलंकार अग्निहोत्री के साहसिक कदम की सराहना करते हुए कहा कि एक उच्च प्रशासनिक पद को त्यागकर यूजीसी एक्ट के खिलाफ और राष्ट्रहित में मोर्चा खोलना यह साबित करता है कि यह दल केवल सत्ता के लिए नहीं, बल्कि व्यवस्था परिवर्तन के लिए बना है। सादगी और नेतृत्व का संगमरू एड.राधेश्याम शर्मा और दीपक शर्मा ने आगंतुक अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि दिनेश शर्मा की विनम्रता और उनकी बेदाग छवि ही इस मोर्चे की सबसे बड़ी शक्ति बनेगी। दिनेश शर्मा ने कहा, राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा (राम) कोई साधारण राजनी. तिक दल नहीं, बल्कि देश के युवाओं, शिक्षकों और सनातन संस्कृति के अधिकारों की रक्षा का एक पवित्र संकल्प है। अलंकार अग्निहोत्री ने जो अलख जगाई है, उसे बागपत जिले के प्रत्येक गांव, कस्बे और घर-घर तक पहुंचाना ही मेरा एकमात्र लक्ष्य होगा। हम सादगी और शुचिता के साथ जनता के बीच जाएंगे। इस अवसर पर महामंडलेश्वर आचार्य कृष्ण विश्रुतपाणि, ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र दत्त शर्मा, प्रधान कृष्ण दत्त शर्मा, सोहनवीर सिंह, रविंद्र सिंह, इंस्पे. राधेश्याम, आचार्य प्रवीण पुलत्स्य, आचार्य उमेश कौशिक भारतीय किसान यूनियन के किस जिला मोर्चा अध्यक्ष सहदेव सिंह.. विनित, सचिनजी... क्षेत्र के सैकड़ो गणमान्य व्यक्तियों ने दिनेश को इसी तरह निरंतर ऊंचाइयों पर विरा. जमान होने का आशीर्वाद दिया।

## प्रत्येक कार्यकर्ता को पीएम मोदी के संदेश को बूथ स्तर तक पहुंचाना सभी का कर्तव्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** देहात मंडल के गांव गाधी उर्फ ग्यारसी में युवा नेता एडवोकेट अक्षय दीक्षित के आवास पर बूथ संख्या 281 पर भाजपाइयों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के (मन की बात) कार्यक्रम के 134वें एपिसोड को सामूहिक रूप से सुना।

मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद मंडल प्रभारी व पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष डा.अमित राणा ने कहा कि प्रधानमंत्री का (मन की बात) कार्यक्रम देश की जनता से सीधे संवाद का सबसे बड़ा माध्यम है। इस कार्यक्रम से हमें राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा प्रत्येक कार्यकर्ता को पीएम मोदी के संदेश को बूथ स्तर तक पहुंचाना सभी का कर्तव्य है। मंडल अध्यक्ष डा.मनीष कुशवाहा ने बताया कि मंडल के सभी बूथों पर (मन की बात) कार्यक्रम को सुनने की व्यवस्था की गई है। (मन की बात) के माध्यम से प्रधानमंत्री ने आज जिन विषयों को उठाया है, उन्हें हम गांव-गांव तक लेकर जाएंगे।

## काले सिंह मंदिर मे हवन, हनुमान चालीसा, राम नाम जप के बाद प्रसाद वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** प्राचीन काले सिंह मंदिर में एक विशाल हवन का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और क्षेत्र की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। धार्मिक अनुष्ठान के बाद मंदिर परिसर में प्रसाद वितरण भी किया गया।

हवन के समापन के बाद, श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया और राम नाम का जप किया। इस दौरान मंदिर परिसर में भक्तिपूर्ण माहौल बना रहा। इस अवसर पर मंदिर के महंत अनिल गोनियल ने सभी श्रद्धालुओं से प्रेम, भाईचारे और सद्भाव के साथ प्रसाद ग्रहण करने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि ऐसे धार्मिक आयोजनों का उद्देश्य समाज में एकता, सेवा और आध्यात्मिक चेतना को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में देव सिरोही, रविंद्र सिरोही, राज सिरोही, ब्राह्मण खाप 360 के चौधरी नरेश शर्मा, हर्ष शर्मा एडवोकेट, सन्नी गुप्ता, नितिन धामा और मनीष पांचाल सहित कई धर्मावलंबियों ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित करने में सहयोग किया। गौ रक्षा दल और हिंदू रक्षा दल के कार्यकर्ताओं ने भी इस आयोजन में सक्रिय सहयोग दिया। सेवा कार्यों में हनुमान चाली. सा प्रमुख सनी बजरंगी, संगठन मंत्री अमित प्रजापति, प्रदेश अध्यक्ष श्रवण चंदेल, जिलाध्यक्ष गौरव राणा, जिला गौ रक्षा प्रमुख ऋतिक तोमर, गौ सुरक्षा प्रमुख मो. हित, जूली, प्रिंस, शुभम, मोनू, अंकुश पहलवान (दाहा), राहुल तोमर, निशांत तोमर, प्रशांत तोमर, मोहित पहलवान (बरवाला), हरीश कौशिक, धौनी और दीपेश आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। यह आयोजन शांतिपूर्ण और श्रद्धापूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

## भाजपाइयों ने सुना पीएम मोदी के मन की बात का 134वां एपिसोड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर के भगवान महावीर मार्ग स्थित भाजपा नगर के पूर्व महामंत्री रवि पालीवाल के आवास पर रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के (मन की बात) कार्यक्रम के 134वें एपिसोड को एलईडी के माध्यम से सामूहिक रूप से सुना।



इस दौरान जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाने और देश के प्रेरणादायक व्यक्तित्वों से परिचय कराने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आहवान किया कि पीएम मोदी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाएं और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में अपनी भूमिका निभाएं। इस अवसर पर विनोद जैन, सतीश जैन, राजकुमार रूहैला, राजन जैन, एडवोकेट अंकित लपराना, जिला मीडिया प्रभारी पवन शर्मा, लाला मूलचंद जैन, अमित जैन, रवि गर्ग, सत्यव्रत आर्य, अतुल जैन, आलोक शास्त्री, डा.श्रवण भारद्वाज, दिनेश जैन, दीपक जैन आदि मौजूद रहे।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाई अहिल्याबाई होलकर की जन्म जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में उत्तर प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय के निर्देश पर शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में कार्यकर्ताओं ने कार्यालय पर शिखर महिला लो. कमाता अहिल्याबाई होलकर की जन्म जयंती मनाई हुए उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उत्साह पूर्वक बडे धूमधाम के साथ जयंती मनायी। उनका भावपूर्ण स्मरण करते हुए शत-शत नमन किया। उनके विचारों को आत्मसात करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया मिष्ठान्न वितरण किया गया।

विचार गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए औमबीर दुहण ने कहा लो. कमाता अहिल्या बाई होल्कर विनम्र उदारवादीता की प्रतीक कर्मयोगीनी भारतीय इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों मे लिखा एक ऐसा नाम है जो हर भारतवासी के दिलो में विराजमान है वह मालवा क्षेत्र की महान शिव भक्त समाज सुधारक थी। उन्होंने अन्धविश्वास से उपर उठकर सामाजिक ताने-बाने मे सुधार किया एक महान शासिका होने के नाते दबे कुचले असहायो को उपर उठाने का काम किया। देशभर में तीर्थ स्थानों पर मन्दिर बनवाये घाट व कुओं का निर्माण कराया मार्ग बनवाये सोमनाथ काशी विश्वनाथ मंदिरो का जीर्णोद्धार कराया हमे उनके विचारों पर चलना चाहिए। शोकेन्द्र तोमर ब्रजमोहन शर्मा ने बताया महिलाओं के शसक्तिकरण की आवाज बुलंद की और शिक्षित करने की और प्रेरित किया। मानवता के उत्थान कल्याण के लिए अभियान चला कर जागरूक किया ऐसी महान आत्माएं इस संसार मे कभी कभी जन्म लेती है



उन्हें सदैव याद किया जायेगा। संच. ालन महासचिव डा सुभाष शर्मा ने किया। इस अवसर कुलवीर सिंह सोनू त्यागी याकूब अहमद सो. हनपाल शर्मा प्रवेज इरशाद आलम राकेश शर्मा खुर्शीद आलम कवरपाल मीडिया प्रभारी औकार दत्त शर्मा आदी उपस्थित रहे।

## बड़ागांव में बेबीकॉर्न मक्का की वैज्ञानिक बुवाई, किसानों को आधुनिक खेती का मिला प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** बड़ागांव में रविवार को कृषि विभाग ने किसान जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरा किसान सोनू त्यागी के खेत पर बेबीकॉर्न मक्का की वैज्ञानिक से बुवाई की गई। विषय वस्तु विशेषज्ञ महेश कुमार खोखर ने बताया कि यह कार्यक्रम बागपत की जिलाधिकारी अस्मिता ला के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में जिला कृषि अधिकारी बाल गोविंद यादव, भूमि संर अधिकारी धीरज कुमार सिंह और सहायक विकास अधिकारी (कृषि) सहित कृषि विभाग के कई अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने किसानों को बेबीकॉर्न मक्का के लाभ बताए। कहा कि यह कम समय में तैयार होने वाली उच्च मूल्य की फस है, जिसकी बाजार में पूरे वर्ष मांग रहती है। इसका



उपयोग सब सलाद, अचार और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों में होता है, जिससे किसान पारंपरिक फसलों की तुलना में अधिक लाभ कमा सक हैं। कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण किसान सोनू त्यागी द्वारा गच् और उड़द की सह्रसली खेती में फेरोमोन ट्रैप का सफल प्रयो रहा। कृषि विशेषज्ञों ने समझाया कि यह तकनीक कीट प्रबंधन एक प्रभावी और पर्यावरण अनुकूल तरीका है। इसके उपयोग कीटनाशकों का प्रयोग कम होता है और उत्पादन लागत में भी आती है। इस अवसर पर अपनी मिट्टी पहचानो अभियान के तहत किसानों द्वारा लाए गए मिट्टी के नमूने भी एकत्र किए गए। किसानों को मृदा परीक्षण के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि मिट्टी की जांच के आधार पर संतुलित उर्वरकों का प्रयोग करने से उत्पादन बढ़ता है और भूमि की उर्वरा शक्ति बनी रहती है। बड़ागांव और आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों किसानों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया और बेबीकॉर्न मक्का की खेती में गहरी रुचि दिखाई। मौके पर किसानों को बीज चयन, खेत की तैयारी, सिंचाई, पोषक तत्व प्रबंधन तथा कीट एवं रोग नियंत्रण की व्यावहा. रिक जानकारी प्रदान की गई। अधिकारियों ने किसानों से आधु. निक कृषि तकनीकों को अपनाकर खेती को अधिक लाभकारी बनाने का आहवान किया।

## समाजवादी पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मनोज चौधरी का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के दिल्ली-सहारनपुर रोड स्थित स्नेह फार्म हाउस में समाजवादी पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मनोज चौधरी के सम्मान में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन समाजवादी पार्टी की जिलाध्यक्ष रेनू तोमर के नेतृत्व में किया गया।

इस मौके पर मुख्य रूप से सपा पूर्व जिलाध्यक्ष बिल्लू प्रधान मौजूद रहे। समारोह में पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने मनोज चौधरी का फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया तथा उनके नेतृत्व में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का विश्वास जताया। वक्ताओं ने कहा कि पार्टी की






नीतियों को जन-जन तक पहुंच. ाने और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए सभी कार्यकर्ता मिलकर कार्य करेंगे। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मनोज चौधरी ने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती और जनसमस्याओं के समाधान के लिए प्राथमिकता के आधार पर कार्य किया जाएगा। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने का आहवान किया। इस दौरान सपा प्रदेश सचिव संजीव त्यागी, पूर्व जिलाध्यक्ष बिल्लू प्रधान, मुरसलीन विधूड़ी, पवन गोठड़ा, जितेंद्र यादव, जगपाल यादव, कर्मवीर प्रधान, राजवीर गुर्जर, रामवीर गुर्जर, रॉकी गुर्जर, अतुल चौधरी, राकेश गुर्जर, अशोक गुर्जर, संजीव यादव, सपा नेता अर्जुन, शोकिंद्र पहलवान, सपा नेता अंकुर जैन सपा नेता पूर्व सभासद ललित जैन आशुतोष सभासद पूर्व सभासद निटु उपाध्याय आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## घर में घुसकर मारपीट, वृद्ध महिला ने लगाई न्याय की गुहार

**बिनौली।** क्षेत्र के ग्राम बरनावा में एक वृद्ध महिला के घर में घुसकर मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने थाना बिनौली में लिखित तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। घटना के बाद पीड़ित परिवार में भय और दहशत का माहौल बना हुआ है।

ग्राम बरनावा निवासी अमीर बेगम पत्नी स्वर्गीय ताज मोहम्मद ने थाना अध्यक्ष बिनौली को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह एक वृद्ध एवं असहाय महिला हैं और अपने परिवार के साथ गांव में निवास करती हैं। उनका पोता साकिब मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण करता है। उन्होंने आरा. ेप लगाया कि 31 मई को गांव के ही कुछ लोगों ने एकजुट होकर उनके घर में जबरन प्रवेश किया और उनके पोते साकिब के साथ लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। पीड़िता के अनुसार अचानक हुए हमले में उनके पोते को गंभीर चोटें आईं। शोर-शराबा सुनकर जब वह बीच-बचाव के लिए पहुंचीं तो आरोपियों ने उनके साथ भी अभद्र व्यवहार किया और उन्हें धक्का-मुक्की करते हुए मारपीट की। वृद्ध महिला का कहना है कि हमलावर दबंग प्रवृत्ति के हैं और आए दिन लोगों को डराने-धमकाने का काम करते हैं। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि मारपीट के दौरान आरोपियों ने साकिब को जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता के मुताबिक हमलावरों ने कहा कि आज तो बच गया, लेकिन आगे नहीं छोड़ेंगे। इस धमकी के बाद से परिवार के सदस्य खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं और भय के साये में जीवन यापन कर रहे हैं। अमीर बेगम ने बताया कि उनका परिवार किसी प्रकार का विवाद नहीं चाहता, इसके बावजूद कुछ लोग लगातार उन्हें परेशान कर रहे हैं।

# चोरों के हौसले बुलंद, कन्फेक्शनरी से हजारों की नगदी व सामान चोरी

**खतौली मार्ग पर देर रात हुई वारदात, जांच में जुटी पुलिस**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** कस्बे में चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि उन्हें अब पुलिस का भी खौफ नहीं रहा। शनिवार देर रात खतौली मार्ग पर अज्ञात चोरों ने एक कन्फेक्शनरी की दुकान को अपना निशाना बनाया। चोर दुकान का के बराबर में लगे दरवाजे का कुंदा व ताला तोड़कर दुकान में घुस कर हजारों की नगदी और कीमती सामान समेटकर रफूचक्कर हो गए।

पीड़ित व्यापारी मूलचंद सैनी ने बताया कि वह रोज की तरह देर शाम अपनी दुकान बंद करके नगर के बाजार में सामान खरीदने गए थे। शनिवार रात करीब 11 बजे जब वह वापस लौटे, तो उनके होश उड़ गए। दुकान के बगल में लगे दरवाजे का कुंडा और ताला टूटा हुआ जमीन पर पड़ा था। दुकान में चोरी की आशंका देखते हुए पीड़ित व्यापारी ने तुरंत डायल 112 पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और जांच-पड़ताल कर वापस लौट गई। पीड़ित व्यापारी मूलचंद सैनी ने फलावदा थाने में तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के अनुसार, अज्ञात चोर दुकान के गल्ले में रखी 5,000 रुपये से अधिक की नगदी, गोल्ड फ्लेक सिगरेट के 220 पैकेट और लगभग 11,000 रुपये मूल्य का अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गए हैं। पुलिस मामले की छानबीन और चोरों की तलाश में जुट गई है।



## शिक्षा के साथ रामायण पढ़ने से बच्चे बनेंगे संस्कारवान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** कस्बे में स्थित सीता मंदिर में रविवार को तृतीय मासिक रामायण जान उत्सव के तत्वाधान में 'श्री आदित्य ज्योति फाउंडेशन ट्रस्ट' द्वारा एक विशेष रामायण पुस्तक वितरण अभियान का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नगर और देहात के विभिन्न विद्यालयों के 430 बच्चों को रामायण की पुस्तकें और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

**दीप प्रज्वलन से हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ:** कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान फतेह शर्मा, आचार्य बृजमोहन बिश्नोई, पंडित सत्य प्रकाश शर्मा, रहे। उन्होंने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि आचार्य बृजमोहन बिश्नोई ने युवाओं में बढ़ते अपराध को रोकने के लिए उन्होंने कहा कि आधुनि. कता के इस युग में बच्चे अपने देश और परिवार की सामाजिक मर्यादा एवं प्राचीन संस्कृति को भूलते जा रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप युवाओं में अपराध बढ़ रहा है। अब समय आ गया युवाओं को संस्कारवान बनाने के लिए रामायण पढ़नी होगी तभी जाकर भारत में प्राचीन सांस्कृतिक और सामाजिक क्रांति संभव है।

उन्होंने समाज के सभी वर्गों से अपील करते हुए कहा कि युवाओं और घर की बहू-बेटियों को रामायण का अध्ययन अवश्य करना चाहिए। अभियान के दौरान रामायण की पुस्तक पढ़ने में उत्तीर्ण रहे प्रतिभावान बच्चों को मुख्य अतिथि प्रधान फतेह शर्मा, आचार्य बृजमोहन बिश्नोई और अन्य गणमान्य लोगों द्वारा रामायण की पुस्तक एवं पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। और सभी बच्चों को खाद्य सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम के समापन पर आयोजन समिति ने मुख्य और विशिष्ट अतिथियों को पटका पहनाकर और रामायण की पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया।



अध्यक्षता प्रधान फतेह शर्मा ने की। प्रधानाचार्य मास्टर बिरजू पालीवाल ने बताया कि फलावदा क्षेत्र के 32 गांवो में लोगों के घर-घर रामायण की पुस्तक वितरित कराई जाएगी। संचालन बिरजू पालीवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर पंडित सत्यप्रकाश, सुरेश कौशिक, अनुज सैनी, रेशु बिश्नोई, अनिल शर्मा, यशपाल बिश्नोई सहित सैंकड़ों प्रबुद्ध लोग उपस्थित रहे।

## सुभारती लॉ कॉलेज ने बच्चों को पॉक्सो कानून की दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के सरदार पटेल सुभारती इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ द्वारा 'जागृति - लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पोक्सो) विषय पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम 'सुरक्षित बचपन, सुरक्षित भविष्य' का आयोजन ईश्वर चंद्र विद्यासागर श्रमिक बाल विद्यालय, सुभारतीपुरम, मेरठ में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मेरठ के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को उनके कानूनी अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा लैंगिक अपराधों से संरक्षण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराना था। यह विशेष जागरूकता कार्यक्रम सुभारती लॉ कॉलेज के निदेशक राजेश चन्द्रा (पूर्व न्यायमूर्ति), इलाहाबाद उच्च न्यायालय, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश के निर्देशन तथा प्रो. (डॉ.) रीना बिश्नोई, संकायाध्यक्षा, सुभारती लॉ कॉलेज के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान लॉ क्लब की संयोजिका डॉ. सारिका त्यागी ने बच्चों को सरल एवं संवादात्मक शैली में पॉक्सो अधिनियम, 2012 के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह अधिनियम 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को यौन शोषण, छेड़छाड़, उत्पीड़न तथा पोर्नोग्राफी जैसे अपराधों से सुरक्षा प्रदान करने के लिए बनाया गया है। उन्होंने कहा कि बच्चों के विरुद्ध होने वाले किसी भी प्रकार के यौन अपराध पर इस कानून के तहत कठोर कार्रवाई की जाती है तथा अपराध की प्रकृति के अनुसार अलग-अलग दंड निर्धारित किए गए हैं। डॉ. त्यागी ने बच्चों को 'गुड टच' और 'बैड टच' के बीच अंतर भी समझाया। उन्होंने बताया कि माता-पिता का स्नेहपूर्ण आलिंगन, सिर पर हाथ फेरना या पीठ थपथपाना जैसे व्यवहार बच्चों को सुरक्षा और अपनत्व का अनुभव कराते हैं, जबकि किसी भी प्रकार का ऐसा स्पर्श जो डर, असहजता या भय उत्पन्न करे, 'बैड टच' की श्रेणी में आता है। उन्होंने बच्चों को यह भी समझाया कि ऐसी किसी भी स्थिति में चुप न रहें और तुरंत अपने माता-पिता, बड़े भाई-बहन, शिक्षक अथवा किसी विश्वसनीय व्यक्ति को इसकी जानकारी दें।



कार्यक्रम में शालिनी गोयल ने पॉक्सो अधि. नियम के कानूनी पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह एक अत्यंत गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है और दोषी पाए जाने पर कठोर दंड का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि अपराध की गंभीरता के आधार पर न्यूनतम तीन वर्ष से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा दी जा सकती है। उन्होंने बच्चों को यह भी बताया कि यदि वे स्वयं या उनका कोई परिचित यौन शोषण का शिकार होता है, तो पुलिस में शिकायत दर्ज कराना, हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करना तथा विद्यालय के शिक्षकों को जानकारी देना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बच्चों को संदेश दिया कि ह्बताइए जरूर, चुप मत रहिए। इस अवसर पर ईश्वर चंद्र विद्यासागर श्रमिक बाल विद्यालय की प्राचार्या किरण का विशेष सहयोग रहा। उन्होंने ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों को बच्चों के समग्र विकास और सुरक्षा के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे तथा विशेषज्ञों से अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। जागरूकता सत्र ने बच्चों को न केवल उनके अधिकारों और सुरक्षा उपायों की जानकारी दी, बल्कि उन्हें सुरक्षित एवं सशक्त भविष्य की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित भी किया।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर ग्रामीणों ने लिया नशामुक्त जीवन का संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर उत्तर प्रदेश के पहले तंबाकू मुक्त मॉडल गांव नंगली किठौर में एक विशाल जागरूकता अभियान चलाया गया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की थीम 'आकर्षण का पर्दाफाश - निकोटीन और तंबाकू की लत का मुकाबला' के तहत आयोजित इस अभियान में ग्राम प्रधान बृजबाला ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रैली में बच्चों, महिलाओं, युवाओं और अन्य ग्रामीणों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। डॉ. आंबेडकर जूनियर हाई स्कूल में एक शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया, जहाँ ग्रामीणों ने नशामुक्त जीवन जीने का संकल्प लिया। अभियान के आयोजकों ने बताया कि गांव में चिन्हित 366 तंबाकू उपभोक्ताओं ने लगातार काउंसलिंग और जागरूकता प्रयासों के बाद तंबाकू का सेवन पूरी तरह छोड़ दिया है। मुख्य अतिथि रीजनल मैनेजर कोऑर्डिनेटर सुरजीत सिंह ने ग्रामीणों को तंबाकू पर खर्च होने वाले धन को बचत में लगाने और नशे से दूर रहने का संदेश दिया। पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने गांव की दुकानों पर औचक निरीक्षण किया, जहां किसी भी दुकान पर तंबाकू उत्पाद नहीं पाए गए। यह गांव की 'जीरो टॉलरेंस' नीति की सफलता को दर्शाता है। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग, पुलिस प्रशासन और स्थानीय ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही। ग्रामीणों ने नंगली किठौर को देश का पहला पूर्ण तंबा. कू मुक्त मॉडल गांव बनाने के अपने संकल्प को दोहराया।



## पत्नी से विवाद पर गुड़ विक्रेता ने लगाई फांसी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** गुड़ विक्रेता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक ने पांच माह पहले ही एक युवती से प्रेम विवाह किया था। परिजन बिना पुलिस को सूचना दिये शव को अपने साथ ले गये। बताया जाता है कि मृतक बीते दिन पत्नी को बुलाने ससुराल गया जहां उसका पत्नी से कुछ विवाद हुआ था।

मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले का है। अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक अमरोहा शहर में फेरी लगाकर गुड़ बेचता था। यहीं पर किराए का मकान लेकर रहता था। पांच महीना पहले उसने मुरादाबाद जिले के एक गांव निवासी युवती से प्रेम विवाह किया था। बकरीद पर पत्नी मायके गई थी। शनिवार को वह पत्नी को बुलाने ससुराल गया था।

## याकूब को फंसाने की साजिश में दोस्त के पैर में मारी गोली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बछरायूं।** लिसड़ी चौराहे के पास हुए कथित गोलीकांड का ऐसा खुलासा हुआ है, जिसने पुलिस को भी चौंका दिया। जिस घटना को पुरानी रंजिश में हमला बताकर पुलिस को सूचना दी गई थी, वह दरअसल एक सुनियोजित साजिश निकली। आरोप है कि गांव के एक परिवार को झूठे मुकदमे में फंसाने के लिए छह लोगों ने मिलकर पूरी पटकथा लिखी थी। पहले हवा में फायरिंग कर हमला दिखाने की योजना बनी, लेकिन बाद में साजिशकर्ताओं ने अपने ही साथी के पैर में गोली मार दी ताकि मामला ज्यादा मजबूत दिखाई दे। पुलिस के अनुसार अमरपाल ने बताया कि गांव निवासी फरमान का अपने रिश्तेदार याकूब से लंबे समय से विवाद चल रहा है। याकूब और उसके परिवार को कानूनी शिकंजे में फंसाने के लिए फरमान, मंगल सैनी, इसरत, जमील और इदरीश ने मिलकर झूठी घटना रचने की योजना बनाई थी। अमरपाल को भी इसमें शामिल किया गया था और उसे पैसे का लालच दिया गया था। अगले दिन जब पुलिस ने सूचना देने वाले मंगल सैनी से पूछताछ की तो उसके बयान बार-बार बदलते रहे। पुलिस को शक हुआ और बताए गए घटनास्थल की जांच की गई। वहां न तो खून के निशान मिले और न ही गोलीबारी के कोई सबूत। इसके बाद सख्ती से पूछताछ करने पर पूरा षड्यंत्र सामने आ गया।

# पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सुभारती की पहल, ई-वेस्ट प्रबंधन पर जागरूक हुए विद्यार्थी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ के खारवेल सुभारती कॉलेज ऑफ फार्मेसी की पर्यावरण समिति तथा एस.एस. सत्यमूर्ति सुभारती पॉलिटेक्निक कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में 'ई-वेस्ट मैनेजमेंट पर विशेषज्ञ व्याख्यान' विषयक जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों को इलेक्ट्रॉनिक कचरे (ई-वेस्ट) की बढ़ती समस्या, उसके दुष्प्रभावों तथा उसके वैज्ञानिक एवं सुरक्षित प्रबंधन के प्रति जागरूक बनाना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ खारवेल सुभारती कॉलेज ऑफ फार्मेसी के डीन एवं प्राचार्य प्रो. (डॉ.) सोकेन्द्र कुमार द्वारा अतिथियों एवं प्रतिभागियों के स्वागत के साथ हुआ। उन्होंने अपने उद्बोधन में वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि तकनीकी विकास के साथ-साथ ई-वेस्ट की मात्रा तेजी से बढ़ रही है, जिसके प्रभावी प्रबंधन के बिना सतत विकास की कल्पना संभव नहीं है। उन्होंने विद्यार्थियों से पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. (डॉ.) मुकेश रुहेला ने ई-वेस्ट प्रबंधन विषय पर अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के अनुचित निपटान से उत्पन्न होने वाले पर्यावरणीय और स्वास्थ्य संबंधी खतरों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्तमान डिजिटल युग में मोबाइल फोन, कंप्यूटर, लैपटॉप, बैटरियों तथा अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग लगातार बढ़ रहा है, जिसके परिणामस्वरूप ई-वेस्ट की मात्रा भी चिंताजनक स्तर तक पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि ई-वेस्ट में मौजूद कई हानिकारक रसायन एवं धातुएं मिट्टी, जल और वायु को प्रदूषित कर मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न कर सकती हैं। इसलिए इसका वैज्ञानिक तरीके से संग्रहण, पृथक्करण और पुनर्चक्रण अत्यंत आवश्यक है। अपने व्याख्यान के दौरान प्रो. (डॉ.) रुहेला ने ई-वेस्ट प्रबंधन के विभिन्न आयामों जैसे कचरे का पृथक्करण, पुनर्चक्रण प्रक्रियाएं, संसाधनों का पुन: उपयोग, सतत उपभोग की आद. तों तथा इलेक्ट्रॉनिक कचरे के सुरक्षित निपटान के लिए सरकार द्वारा संचा. लित विभिन्न योजनाओं एवं पहलों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने प्रतिभागियों को दैनिक जीवन में जिम्मेदार उपभोक्ता बनने और पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।



व्याख्यान के उपरांत आयोजित संवादात्मक सत्र में विद्यार्थियों एवं अन्य प्रतिभागियों ने ई-वेस्ट प्रबंधन से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे। मुख्य वक्ता ने सभी प्रश्नों का सरल, व्यावहारिक एवं प्रभावी ढंग से उत्तर देकर प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। इस संवादात्मक सत्र ने विषय के प्रति उनकी समझ को और अधिक सुदृढ़ बनाया।

कार्यक्रम ने प्रतिभागियों को न केवल ई-वेस्ट प्रबंधन की तकनीकी एवं व्यावहारिक जानकारी प्रदान की, बल्कि पर्यावरणीय स्थिरता और सतत विकास के प्रति उनकी जिम्मेदारी का भी बोध कराया। उपस्थित प्रतिभागियों ने इस आयोजन को अत्यंत उपयोगी, ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक बताया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। आयोजकों ने मुख्य वक्ता प्रो. (डॉ.) मुकेश रुहेला के बहुमूल्य विचारों एवं ज्ञानवर्धक व्याख्यान के लिए उनका आभार व्यक्त किया तथा सभी प्रतिभागियों से पर्यावरण संरक्षण एवं जिम्मेदार ई-वेस्ट प्रबंधन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता बनाए रखने का आह्वान किया।

# बुजुर्गो की तालीम व किरदार को अपनायें लोग

**हजरत शाह अब्बन के उर्स में सेमिनार**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** सूफी बुजुर्ग हजरत पीर शाह अब्बन बदरे चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह के 461।वे उर्स मुबारक पर शनिवार की रात टीपी नगर चौराहे पर हजरत इमाम अली रजा की शान में राष्ट्रीय स्तरीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार की शुरुआत कारी मोहम्मद यासिर ने तिलावते कलामे ए इलाही से की जबकि बारगाहे रिसालत में नात पाक का नजराना हुमायूँ हैदर ने पेश किया। डॉ. मिसबाह अहमद सिद्दीकी ने हजरत शाह अब्बन बदरे चिश्ती द्वारा की गई इस्लाम की खिदमत जिक्र करते हुए आपकी ओलाद व सिलसिले से जुड़ी जानकारी साझा की। प्रोफसर डॉ. महताब ने हिंदू समाज में सूफियों के प्रभाव पर ख्यालात इजहार करते कहा कि सूफियों ने हमेशा मजहब, जाति के साथ ऊंच नीच खत्म करते हुए एक सभ्य और सुंदर समाज बनाने पर जोर दिया। हिंदुस्तान में जिसकी शुरुआत ख्वाजा मोइनुद्दीन अजमेरी ने की। सूफी मिशन के चेयरमैन डॉ. माजिद देवबंदी ने जहां सूफिज्म की असली तस्वीर को सामने रखा तो दिल्ली से आये मुख्तार अशरफी ने बुजुर्गों की तालीम ,किरदार और अखघ्लाकघ को अपनाने की अपील लोगो से की। अध्यक्षता असद मुस्तफा रिजवी तथा संचालन अंजुमन सादात ए रिजविया के जनरल सेक्ट्री उवैस मुस्तफा रिजवी ने किया। सज्जादानशीन मसूद आलम ने मुल्क में अमन व कौम की खुशहाली की दुआ कराई। इस अवसर पर अली इमाम रिजवी, खुर्रम हसन, मेराज हुसैन, हादी अजीम जाफरी, हाजी खुर्शीद अनवर, शाहब रिजवी , जैद रिजवी, यासिर अंसारी आदि मौजूद रहे।

# बीमार पशुओं का तत्काल इलाज कराने के निर्देश

**डीएम ने किया गौशाला का निरीक्षण**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जिलाधिकारी डॉ. नितिन गौड़ ने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए पशुओं की विशेष देखभाल सुनिश्चित की जाए तथा उन्हें समय पर पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पानी और चारा उपलब्ध कराया जाए, ताकि किसी भी पशु को गर्मी के कारण परेशानी न हो।

रविवार को विकासखंड हसनपुर के ग्राम फूलपुर बिजलपुर स्थित गौशाला का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौशाला में भूसे की उपलब्धता पर्याप्त पाई गई। जिलाधिकारी ने खली एवं चोकर के भंडारण की भी जांच की और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पशुओं को केवल सूखा भूसा न दिया जाए, बल्कि भूसे में खली, चोकर और हरा चारा मिलाकर पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जाए। डीएम ने गौशाला परिसर में बने टीन शेड के एक क्षतिग्रस्त पिलर को देखकर खंड विकास अधिकारी को उसे शीघ्र ठीक कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए पशुओं की विशेष देखभाल सुनिश्चित की जाए तथा उन्हें समय पर पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पानी और चारा उपलब्ध कराया जाए, ताकि किसी भी पशु को गर्मी के कारण परेशानी न हो। इस दौरान उप जिलाधिकारी हसनपुर, खंड विकास अधिकारी समेत संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

**सूचना-बेदखली**

मैं अपने पुत्र मनोज कुमार व पुत्रवधु ज्योति को गलत आचरण के चलते अपनी समस्त चल अचल संपति से बेदखल कर संबंध विच्छेद करता हूं भविष्य में इनके कृत्यों का मैं/मेरा शेष परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। रतनपाल सिंह पुत्र श्यामा नि0 ग्राम फलैदा बांगर थाना रबूपुरा तहसील जेवर जिला गौतमबुद्धनगर।

